भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं : 319**

**उत्तर देने की तारीख : 08.12.2022**

खादी उत्पाद

319 श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्‌यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान खादी वस्त्र के महत्व को स्वीकार करने और इसके महत्व को उजागर करने तथा स्थानीय उद्योग और कारीगरों की सहायता हेतु दैनिक जीवन में खादी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए खादी उत्सवों का आयोजन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में प्राप्त प्रतिक्रिया का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और इस पर कितना व्यय किया गया है; और

(ग) सरकार द्वारा 'वोकल फॉर लोकल' अभियान के भाग के रूप में उक्त उद्योग को बढ़ावा देने के लिए क्या अन्य कदम उठाए गए हैं और इस पर क्या प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

**(क) से (ग)** : खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने खादी वस्त्रों को सम्मान प्रदान करने तथा लोकल फॉर वॉकल अभियान के लिए सभी उद्योग और कारीगरों की सहायता के लिए दैनिक जीवन में खादी उत्पादों के प्रयोग के संवर्धन के लिए स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इसके महत्व को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों/प्रदर्शनियों/महोत्सव आयोजित किए गए हैं जिसे **अनुबंध- I** में संलग्न किया गया है।

वर्ष 2021-22 के दौरान केवीआईसी द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों और कार्यक्रमों और उन पर किए गए व्यय का राज्य-वार विवरण **अनुबंध- II** में दिया गया है और वर्तमान वर्ष 2022-23 के लिए निम्नानुसार है:

(लाख रू. में)

| क्र.सं. | प्रदर्शनियों का स्तर | आयोजनों की सं. | बिक्री | क्षेत्रीय कार्यालयों को जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला | 1 | 1206.00 | 560.70 |
| 2 | मुंबई में आयोजित "खादी उत्सव" | 1 | 303.57 | 40.00 |
| 3 | गैर-सरकारी संगठनों/सरकारी विभागों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया/प्रायोजित किया | 8 | 0 | 16.00 |

* * * *

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 319 जिसका उत्तर दिनांक 08.12.2022 को दिया जाना है, के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

<u>खादी संस्थानों की सहायता के लिए केवीआईसी द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों/प्रदर्शनियों/महोत्सव का विवरण</u>

- वर्ष 2021-22 के दौरान पूरे देश में 21 राज्य स्तरीय प्रदर्शनियों और 19 विशेष प्रदर्शनियों का आयोजन किया।
- खादी और ग्रामोद्योग (केवीआई) उत्पादों के प्रचार के लिए अन्य सरकारी विभागों/एनजीओ द्वारा आयोजित 16 कार्यक्रमों में भाग लिया/प्रायोजित किया।
- एमएसएमई के लिए बी से सी को बेचने के उद्देश्य के साथ ई-मार्केट लिंकेज-जैमपोर्टल (gem.gov.in), समर्पित ऑनलाइन पोर्टल (kviconline.gov.in) और मान्यता प्राप्त ई-मार्केटिंग पोर्टल (www.ekhadiindia.com) के माध्यम से पारंपरिक और स्वदेशी कला और शिल्प में विशेषज्ञों सहित केवीआई उत्पादों की आपूर्ति/विपणन तंत्र की व्यवस्था की।
- खादी उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए गृह मंत्रालय के अंतर्गत रेलवे, रक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभागों, अर्धसैनिक बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) जनजातीय मामलों के मंत्रालय के प्रभाग एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) और अन्य केंद्रीय मंत्रालय और राज्य सरकार के विभाग जैसे सरकारी विभागों और थोक खरीदारों की आवश्यकताओं को पूरा करना।
- अहमदाबाद में 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अवसर पर "खादी उत्सव/7500 चरखा सम्मेलन" का आयोजन किया।
- अहमदाबाद में खादी कारीगर सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें 2000 से अधिक खादी कारीगरों ने भाग लिया।
- अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, इसरो, अहमदाबाद में खादी उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन किया।
- रायबरेली में डलमऊ खादी ग्रामोद्योग उत्सव-2022 में भाग लिया.
- मदुरै रेलवे स्टेशन पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' की पूर्व संध्या पर एक स्टेशन, एक उत्पाद पहल में 75 घंटे की प्रदर्शनी का आयोजन किया।
- हर घर तिरंगा के विशेष अभियान में खादी संस्थाओं ने राष्ट्रीय ध्वज की बड़े स्तर पर बिक्री की।
- नई दिल्ली में भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले 2022 में भाग लिया।
- "गांधी जयंती" के अवसर पर नागपुर और वर्धा में राष्ट्रीय प्रदर्शनी में भाग लिया।

*****

अनुबंध-II

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 319 जिसका उत्तर दिनांक 08.12.2022 को दिया जाना है, के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

वर्ष 2021-22 के दौरान प्रदर्शनियों और आयोजनों के ब्यौरे

(लाख रू. में)

| क्र.सं. | प्रदर्शनियों/व्यापार मेलें का स्तर | | बिक्री | क्षेत्रीय कार्यालयों को जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|
| I | दुबई में "वर्ल्ड एक्सपो 2020" | | 4.10 | - |
| II | नई दिल्ली में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला | | 288.15 | 183.81 |
| III | राज्य स्तरीय प्रदर्शनियां | | | |
| 1 | हिमाचल प्रदेश | बद्दी सोलन | 28.49 | 10.00 |
| 2 | राजस्थान | उदयपुर | 77.50 | 10.00 |
| 3 | | सीकर | 40.36 | 10.00 |
| 4 | बिहार | बेगूसराय | 70.30 | 10.00 |
| 5 | ओड़िशा | अंगुल | 90.81 | 10.00 |
| 6 | पं. बंगाल | सूरी-बीरभूम | 38.87 | 10.00 |
| 7 | असम | गुवाहाटी | 77.29 | 10.00 |
| 8 | नागालैंड | दीमापुर | 18.61 | 10.00 |
| 9 | तेलंगाना | नामपल्ली | 48.70 | 10.00 |
| 10 | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा | 82.83 | 10.00 |
| 11 | | विशाखापत्तनम | 60.86 | 10.00 |
| 12 | कर्नाटक | देवेनगिरी | 259.46 | 10.00 |
| 13 | | हुबली | 184.77 | 10.00 |
| 14 | तमिलनाडु | तिरुनलवेली | 22.44 | 10.00 |
| 15 | गुजरात | वलसाड | 133.63 | 10.00 |
| 16 | महाराष्ट्र | नागपुर | 19.30 | 10.00 |
| 17 | छत्तिसगढ़ | रायपुर | 73.27 | 10.00 |
| 18 | उत्तर प्रदेश | लखनऊ | 77.00 | 10.00 |
| 19 | | वाराणसी | 217.56 | 10.00 |
| 20 | | गाज़ियाबाद | 9.32 | 10.00 |
| 21 | | प्रयागराज | 381.46 | 10.00 |
| IV | राज्य स्तरीय प्रदर्शनियां | | | |
| 1 | केजीबी, नई दिल्ली | नोएडा | 1.44 | 10.00 |
| 2 | | रोहिणी सेक्टर-3 | 2.22 | 10.00 |
| 3 | | सूरजकुंड | 1.99 | 10.00 |
| 4 | केजीबी, कोलकाता | कृष्णनगर | 30.44 | 10.00 |
| 5 | | मालदा | 9.35 | 10.00 |
| 6 | | पश्चिम मेदिनीपुर | 6.34 | 10.00 |
| 7 | केजीबी, भोपाल | इंदौर | 23.27 | 10.00 |
| 8 | | उज्जैन | 31.87 | 10.00 |
| 9 | केजीबी, मुंबई | मुंबई | 22.00 | 10.00 |
| 10 | | मुंबई | 39.50 | 10.00 |
| 11 | | मुंबई | 2.60 | 10.00 |
| 12 | केजीबी, एर्नाकुलम | एर्नाकुलम | 5.14 | 10.00 |
| 13 | | एर्नाकुलम | 10.70 | 10.00 |
| 14 | | एर्नाकुलम | 14.85 | 10.00 |
| 15 | केजीबी, जयपुर | गंगापुर | 45.00 | 10.00 |
| 16 | | झुंझुनू | 78.89 | 10.00 |
| 17 | डीओ, वाराणसी | वाराणसी | 175.32 | 10.00 |
| 18 | डीओ, बिकानेर | जोधपुर | 31.07 | 10.00 |
| 19 | | जैसलमेर | 17.68 | 10.00 |
| V | गैर-सरकारी संगठनों/सरकारी विभागों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया/प्रायोजित किया - **16** प्रदर्शनियां | | - | 22.00 |
| कुल | | | 2854.75 | 605.81 |

केजीबी- खादी ग्रामोद्योग भवन; डीओ-प्रभागीय कार्यालय